विद्या समाचार पत्रिका

विद्या भारती, झारखंड के गतिविधियों को प्रदर्शित करने वाला त्रैमासिक पत्र

राँची * अप्रैल-जून- 2023 *चैत्र शुक्ल - आषाढ़ शुक्ल *युगाब्द- 5125 *विक्रम संवत्- 2080 * वर्ष 3, अंक 9

संपादकीय

आदरणीय बंधु/भगिनी
सादर नमस्ते !

अपने भारत वर्ष में एक लोकोक्ति प्रसिद्ध है- रोटी जली क्यों? पान सड़ा क्यों? घोड़ा अड़ा क्यों? सुधीजन उत्तर देते हैं, 'फेरा नहीं गया'। फेरा नहीं गया मतलब समय पर जिनके लिए जो आवश्यक था कार्य नहीं किया गया। समय को पकड़ना तथा सही काम, सही समय पर करना अवश्यक है। विद्यार्थियों एवं अध्ययन-अध्यापन से जुड़े व्यक्ति के लिए तो समय का बहुत बड़ा महत्त्व है। कहते हैं, 'समय और समुद्र की लहर' किसी की प्रतीक्षा नहीं करता। अत: समय अगर बलवान है तो समय की महत्ता समझते हुए कार्य को त्वरित करना पड़ता है।

समय के साथ-साथ चलते हुए भैया कुमार रजत ने UPSC में 423वाँ रैंक प्राप्त कर न सिर्फ अपने परिवार का बल्कि अपने विद्यालय राजकमल विद्या मंदिर, धनबाद का नाम उज्ज्वल किया तथा अपने संगठन का नाम रौशन हुआ। उसी प्रकार उसी विद्यालय की एक बहन (छात्रा) आर्ची मेहारिया ने समय का पल-पल सही उपयोग कर पूरे प्रदेश में वाणिज्य संकाय (द्वादश) में प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह समय के महत्त्व एवं इसका सही उपयोग को ही पुष्ट करता हैं। ये दोनों बधाई के पात्र हैं। झारखण्ड प्रांत के कई जिलों में जिला टॉपर भी हमारे भैया/बहन बने हैं। 35 से अधिक विद्यालय के भैया बहन शत-प्रतिशत प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं। 94% से अधिक अंक लाने वाले कुल 45 भैया/बहनों को मेधावी छात्र अभिनंदन समारोह में सम्मानित किया गया। इ.म.टि.स.वि. मंदिर, चतरा में जब अपने ही विद्यालय के एक पूर्व छात्र श्री मुमताज अंसारी जी, एसडीओ, चतरा ने भैया/बहनों को सम्मानित किया तब समय का एक और चेहरा सामने आया, जो कि सभी के लिए गुदगुदाने वाला तथा आनंददायक पल था।

बंधुवर/भगिनी! समय की माँग है कि हम अपना कार्य समय पर ईमानदारी पूर्वक करते रहें।

ग्रीष्मावकाश में प्रांत में कई प्रकार के प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए जाते हैं। भैया-बहनों को आचार्य गुणवत्तापूर्ण अच्छी शिक्षा प्रदान कर सकें, इस हेतु सघन प्रशिक्षण अपनी कमियों को भी दूर कर तरोताजा होने के लिए, समयानुसार अपने को ढालने के लिए प्रशिक्षण वर्ग की आवश्यकता आचार्य, प्रधानाचार्य एवं अन्य के द्वारा अनुभूत की जाती है। सतत् अभ्यास से विद्या/बुद्धि भी बढ़ती है। कार्यक्रमों/कार्यशालाओं एवं प्रशिक्षण वर्गों की शृंखला में प्रचार विभाग का दो दिवसीय कार्यशाला भी काफी महत्त्वपूर्ण रहा। ध्यान में आया कि उथल-पुथल भरे समय में हमारे अपने प्रयास तथा विमर्श के माध्यम से अनुकूल बनाया जा सकता है। अत: कटिबद्ध होना आवश्यक है।

पूर्ण विजय संकल्प हमारा, अनथक अविरल साधना।
निशि दिन प्रतिपल चलती आई राष्ट्रधर्म आराधना।।

वंदे मातृभूमि वंदे!

आपका
मनोज कुमार
विद्या विकास समिति, झारखण्ड

मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर +2 विद्यालय में डॉ मोहन मधुकर भागवत ने कल्पतरु के पौधे लगाए (लोहरदगा)

मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर +2 विद्यालय लोहरदगा में डॉ हेडगेवार जी की प्रतिमा का अनावरण आरएसएस के सर संघचालक प.पू. डॉ. मोहन मधुकर भागवत द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत श्रीफल तोड़कर किया गया। तत्पश्चात दीप प्रज्वलित किया गया और डॉ. हेडगेवार जी के प्रतिमा का लोकार्पण किया गया। डॉ. हेडगेवार जी की प्रतिमा के दोनों तरफ कल्पवृक्ष का पौधरोपण सर संघचालक जी द्वारा किया गया।

हमारे गौरव

संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा 2022 में 423वाँ रैंक

कुमार रजत
(सत्र 2007-09 के विज्ञान संकाय के भैया)
रा.स.वि.म., धनबाद, प्रदेश सचिव वि.वि.समिति द्वारा पुरस्कृत किये गये।

दिनांक 19 मई से 7 जून 2023 से चल रहे विविध प्रकार के प्रशिक्षण वर्ग के समापन सत्र में बायें से दायें:- प्रदेश सचिव, श्री अजय कुमार तिवारी, प्रदेश मंत्री एवं क्षेत्रीय मंत्री श्री रामअवतार नारसरिया, राँची के सांसद श्री संजय सेठ, वि.वि.स. के अध्यक्ष श्री अशोक श्रीवास्तव, भाजपा के प्रदेश संगठन मंत्री श्री कर्मवीर जी, वि.भा.अ.भा. शि.संस्थान के मंत्री श्री ब्रह्मा जी राव तथा वि.भा.उ.पू. क्षेत्र के संगठन मंत्री श्री ख्याली राम जी उपस्थित रहे।

परीक्षा परिणाम 2022-23 के०मा०शि०बोर्ड द्वादश (वाणिज्य)

आर्ची मेहारिया
प्राप्तांक - 98.8% (494)
(झारखंड राज्य में प्रथम स्थान)
रा.स.वि.म., धनबाद

करो या मरो, अंग्रेजों हमारी माटी छोड़ो!!

अंग्रेज अफसर हंटर लिखता है वीरता की ऐसी मिसाल हमने देखी नहीं। संथाल की माटी के इन्हीं शहीदों की याद में हर साल 30 जून को हूल दिवस मनाया जाता है। इस हूल क्रांति को दबाने के लिए अंग्रेजी सेनानायक मेजर जार्विस अपनी पुस्तक में लिखता है कि इस महान क्रांति में लगभग 20000 क्रांतिकारियों को मौत के घाट उतार दिया गया। गया। वह आगे लिखता है जब तक उनका नगाड़ा बजता रहा वह लड़ते रहे, हम मारते रहे, वह मरते रहे लेकिन कभी भी हमने उनका पीठ नहीं देखा। हालांकि, संथालों के इस बलिदान पर कोई भी अंग्रेज सिपाही ऐसा नहीं मिला, जो शर्मिंदा न हुआ हो। ऐसे वीर बलिदानी परिवार को राष्ट्रीय नायक का दर्जा मिलना चाहिए, जिस परिवार से चार भाई (सिद्धू-कान्हू, चाँद-भैरव) और दो बहन (फूलो-झानो) मां भारती की स्वतंत्रता के लिए बलिदान हो गए। आज भी अबुआ राज का सपना अधूरा है, जल जंगल जमीन की लड़ाई जारी है।

(हुल दिवस पर विशेष) स.शि.वि.म.,लालमाटी, साहेबगंज

पूर्व छात्र श्री मुमताज अंसारी, एसडीओ, चतरा, द्वारा मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया गया

मेधावी छात्र अभिनंदन समारोह 2023, रामगढ़

विलक्षण प्रतिभावानों को मिली सफलता- सुमन्त कुमार मिश्रा, प्रधानाचार्य, राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर, धनबाद

रा.स.वि.म. अशोक नगर, धनसार, धनबाद के प्रतिभावान छात्रों ने सीए फाइनल में सफलता अर्जित की, इस सफलता पर विद्यालय परिवार हर्षित है एवं गर्व की अनुभूति कर रहा है उक्त बातें विद्यालय के प्राचार्य सुमन्त कुमार मिश्रा ने कही उन्होंने कहा कि सीए की परीक्षा में 10 छात्रों का उत्तीर्ण होना हमारे विद्यालय के लिए बड़े गौरव की बात है। अब तक रा.स.वि.म. ने 100 से अधिक संख्या में धनबाद को सीए प्रदान किया है।

जिन छात्रों ने सफलता अर्जित की है उनके नाम हैः– मोहित अत्री, रघुवीर कुमार गुप्ता, विक्रांत कुमार, सौरव कुमार साव, आशीष कुमार उपाध्याय, भरत अंकित, सौरव पात्रा, आकर्षण गोयल, आदित्य वर्णवाल एवं विवेक वर्णवाल। विद्यालय के उप प्राचार्य मनोज कुमार ने बताया कि शिक्षकों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक यह उम्मीद थी कि इस वर्ष अच्छी संख्या में बच्चे सी ए फाइनल में सफलता प्राप्त करेंगे। प्राप्त जानकारी तक संख्या इतनी है और भी जानकारी हासिल की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि इन छात्रों को पढ़ाने वाले शिक्षक भी इस सफलता पर अति उत्साहित हैं। वहीं सफल छात्रों ने विद्यालय आकर शिक्षकों से आशीर्वाद ग्रहण किया।

इस उपलब्धि पर विद्यालय के संरक्षक शंकर दयाल बुधिया, अध्यक्ष विनोद कुमार तुलस्यान, उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार पटनिया, सचिव संजीव अग्रवाल, सह सचिव दीपक रूईया, कोषाध्यक्ष चंद्रशेखर अग्रवाल, विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के माननीय सदस्य गण, प्राचार्य सुमन्त कुमार मिश्रा, उप प्राचार्या उमा मिश्रा, उप प्राचार्य मनोज कुमार ने सफल प्रतिभागियों को बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

हमारे पूर्व छात्र, हमें इनपर गर्व है

नाम	विद्यालय का नाम	चयन का प्रकार	स्थान	पद
श्री गोपी कृष्ण	स.शि.वि.म., कुम्हारटोली, हजारीबाग	JPSC	दुमका	सहायक नगर आयुक्त
श्री स्वर्ण प्रभात	स.शि.वि.म., कुम्हारटोली, हजारीबाग	IPS	गोपालगंज	एस.पी.
श्री सुमित कुमार अग्रवाल	स.शि.वि.म., कुम्हारटोली, हजारीबाग	IPS	चाईबासा	ए.एस.पी.
श्री वैभव कुमार	स.शि.वि.म., कुम्हारटोली, हजारीबाग			काराधीक्षक
श्री विकास कुमार		IAS		
श्री संतोष साहु				टाटा स्टील में मैनेजर
श्री विनोद मिश्र				बैंक मैनेजर
श्री भानु चंद्र गोस्वामी	स.शि.वि.म., कुम्हारटोली, हजारीबाग	IAS	उत्तर प्रदेश	सी.ई.ओ, आर.आर. डी.ए.
डा. पुलकेश कुमार	स.शि.वि.म., कुम्हारटोली, हजारीबाग	IAS		डिप्टी सेक्रेटरी, मिनिस्ट्री ऑफ हेल्थ फेमिली वेलफेयर
श्री अमित कुमार झा	स.शि.वि.म., डकरा, राँची		खूँटी	कार्यपालक पदाधिकारी
श्री सुमित कुमार झा	स.शि.वि.म., डकरा, राँची		गुमला	उप समाहर्ता
श्री सचिन कुमार सिंह	रा.स.वि.म., अशोकनगर, धनबाद	IAS		
श्री राज करण अग्रवाल	रा.स.वि.म., अशोकनगर, धनबाद	IRS		
श्री कुमार रजत	रा.स.वि.म., अशोकनगर, धनबाद	IAS		
किशोर कौशल	रा.स.वि.म., अशोकनगर, धनबाद	IPS		
चंदन कुमार सिंह	रा.स.वि.म., अशोकनगर, धनबाद			सी.आ.
श्री राजा कुमार मिश्रा			राँची	डी.एस.पी., हटिया
श्री मुमताज अंसारी	इं.टि.स.वि.म., चतरा		चतरा	एस.डी.एम., चतरा
श्री प्रवीण कुमार			राँची	बी.डी.ओ., बेड़ो
श्री नितिन खंडेलवाल			धनबाद	डी.एस.पी., धनबाद
श्री सचिन कुमार			राँची	एस.डी.ओ., विद्युत विभाग
इंशा खंडेलवाल			राँची	जन संपर्क पदाधिकारी
मिताली मेटे			राँची	एस.डी.आ., राँची
श्री आलोक कुमार	स.वि.म., सिनीडीह	IPS		
श्री शिव शंकर प्रसाद	पू.त.ज.म. स.वि.म., 3/सी, बोकारो			डी.एच.ओ. झारखण्ड
श्री रमाकांत रजक	स.शि.वि.म., बाघमारा			डी.एस.पी
सुश्री आशा साहु	स.शि.वि.म., बाघमारा			प्रखंड प्रशिक्षु
श्री विश्वजीत कुमार महतो	स.वि.म., सिन्दरी			

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में प्रांतीय मेधावी छात्र अभिनंदन समारोह का आयोजन

● अभिभावक और गुरुजनों के दंड को दंड न समझे, भविष्य के लिए पुरस्कार होता है :अजय

रामगढ़। शहर के बाजार टांड स्थित रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में रविवार को प्रांतीय मेधावी छात्र अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि विद्या विकास समिति प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी, विभाग निरीक्षक अखिलेश कुमार, फणींद्र नाथ झा, तुलसी प्रसाद ठाकुर, स्थानीय प्रबंधन समिति के संरक्षक महेश अग्रवाल, अध्यक्ष सुरेश बगड़िया, सचिव शंकरलाल अग्रवाल, प्रधानाचार्य वरुण कुमार चौधरी ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान कार्यक्रम में सीबीएसई से मान्यता प्राप्त विद्यालयों के माध्यमिक एवं वरिष्ठ माध्यमिक परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को चांदी का सिक्का, प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उनके अभिभावकों को प्रेरक पुस्तक एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वही, यूपीएससी की परीक्षा में सफलता हासिल करने वाले विद्या भारती के छात्र कुमार रजत को भी प्रतीक चिन्ह एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

अभिभावक और गुरुजनों के दंड को दंड न समझे, भविष्य के लिए पुरस्कार होता है:अजय

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अजय कुमार तिवारी ने कहा कि जो अभिभावकों एवं गुरुजनों के दंड को भी पुरस्कार समझते हुए कर्तव्य पथ पर अग्रसर होता है, वह जीवन की सर्वोच्च ऊंचाई प्राप्त करता है। चित्र से चरित्र का निर्माण होता है। यदि हम अपने घरों में महापुरुषों एवं अच्छे चित्रों का संकलन करते हैं तो बच्चों में भी इसका प्रभाव सकारात्मक होता है।

योजनाबद्ध तरीके से पढ़ाई करें सफलता निश्चित ही मिलेगी:रजत

वही, पूर्व छात्र कुमार रजत ने कहा सरस्वती विद्या मंदिर हमारा प्रेरणा स्रोत रहा है, इसकी प्रेरणा के कारण ही मैंने यूपीएससी की परीक्षा में सफलता हासिल की। उन्होंने छात्रों को योजनाबद्ध तरीके से पढ़ाई करे सफलता निश्चित ही मिलेगी।

ये थे उपस्थित:

इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों से आए प्रधानाचार्य, आचार्य महेश्वर महतो, योगेंद्र प्रसाद सिंह, प्रवीण कुमार राय, राजीव कुमार दास, सुनील कुमार, संगीता मिश्रा, विकास कुमार कुशवाहा, आशीष अग्रवाल, प्राण रंजन कुमार, अंजू कुमारी,पद्मावती सिंह, अमर लाल महतो, हेमलता आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

रांची एक्सप्रेस

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शिक्षा मंत्री को दी गई श्रद्धांजलि

भवनाथपुर (गढ़वा) (रांएसं) = सेल के टाउनशिप स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में झारखण्ड प्रदेश के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के आकस्मिक निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। शुक्रवार को विद्यालय में आयोजित शोक सभा में विद्यालय के वरीय शिक्षिक राम इक्बाल शर्मा सहित विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं भैया बहनों ने 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत शिक्षा मंत्री के आत्मा को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर श्री शर्मा ने कहा कि दिवंगत शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने अपने कार्यकाल के दौरान शिक्षा में सुधार के लिए बहुत ही कार्य किए हैं। उनके द्वारा किए गए कार्यों को सदा याद रखा जायेगा। विद्यालय के शिशु वाटिका में शिशु खंड के प्रमुख सुश्री रितु कुमारी के निर्देशन में शोक सभा का आयोजन कर दिवंगत शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। दुःख की इस घड़ी में विद्यालय परिवार ने ईश्वर से प्रार्थना कर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने और शोकाकुल परिवार को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करने की विनती की।

सरस्वती विद्या मंदिर सिंदरी में आचार्य चयन परीक्षा का आयोजन

सिंदरी |विद्या विकास समिति झारखंड के आचार्य चयन परीक्षा का आयोजन 11 केंद्रों पर किया गया। सरस्वती विद्या मंदिर सिंदरी में प्रांतीय प्रतिनिधियों की मौजूदगी में आचार्य चयन परीक्षा सफलतापूर्वक शनिवार को संपन्न हुई। इसमें प्रांतीय प्रतिनिधि सिद्धेश नारायण दास (सदस्य विद्या विकास समिति), जीतेंद्र कुमार, प्रवीण, पंकज कुमार मिश्रा, कमलजीत सिंह, प्राचार्य सुनील कुमार पाठक, उपप्राचार्य रंजना सिंह के साथ पूरा विद्यालय परिवार ने सक्रिय भूमिका निभाई।

Saraswati Vidya Mandir students interviews DC

PNS : LOHARDAGA

The Class XII students of Manohar Lal Agarwal Saraswati Vidya Mandir Inter College were in the role of interviewer. And the candidate sitting on opposite chair was none other than Lohardaga Deputy Commissioner Dr. Waghmare Prasad Krishna. The Class XII students of Saraswati Vidya Mandir as part of their project work on Saturday asked different questions from DC. The students asked the Deputy Commissioner the important successes of his life, the reason for joining the Indian Administrative Service, the ways and challenges of working as a Deputy Commissioner, how to be successful in life and other questions.

The Deputy Commissioner said that the job of working as Deputy Commissioner in Lohardaga district is very good. It is very good for the youth here to work continuously in the field of education and sports. To be successful in life, it is very important to have harmony in your life. On

छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन में माताओं की रही अहम भूमिका : तारा देवी

सिंदरी । सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल सिंदरी में दसवीं व बारहवीं कक्षा के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 55 छात्र छात्राओं को शनिवार को विद्यालय परिसर में कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सिंदरी विधायक इंद्रजीत महतो की धर्मपत्नी तारा देवी ने छात्रों को सम्मानित करते हुए कहा कि इस उत्कृष्ट प्रदर्शन में माताओं की अहम भूमिका है। उन्होंने बताया कि उनके तीनों बच्चों ने इसी स्कूल से संस्कारयुक्त पढ़ाई की है। प्राचार्य ने कहा कि कार्यक्रम में स्कूल प्राचार्य सुनील कुमार पाठक ने कहा कि परीक्षा परिणाम की सीढ़ी पर चढ़कर लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। अंकित मंडल ने गणित में 97, राकेश अग्रवाल ने बीएसटी में 98, निहारिका ने आइटी में 99 व रवि कुमार ने आइटी में 98 ,अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया है। स्कूल समिति अध्यक्ष अजीत कुमार मिश्रा ने कहा कि स्कूल की पहचान आपके परीक्षाफल से होती है। विद्यार्थी हमारे गौरव हैं और सिर्फ रैंकिंग पर ध्यान न देकर लक्ष्य की प्राप्ति के लिए जोर लगाना चाहिए। मुख्य अतिथि तारा देवी, स्थानीय प्रबंधकारिणी समिति अध्यक्ष अजीत कुमार मिश्र, सचिव शशि भूषण गुप्ता, कोषाध्यक्ष महेंद्र यादव आदि मौजूद थे।

आदित्य प्रकाश जालान सरस्वती विद्या मंदिर कुदलुम में भीमराव अंबेडकर जयंती मना

पिस्का नगडीः दिनांक 14 अप्रैल को आदित्य प्रकाश जालान सरस्वती विद्या मंदिर में डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती को समानता दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र तिवारी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि अंबेडकर जी अपने राष्ट्र के एक महान विभूति थे जिन्होंने समाज के सभी वर्ग के लोगों को आपस में जोड़ने का कार्य किया है । इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य भुनेश्वर साहू जी ने डॉक्टर अंबेडकर के जीवन दर्शन बताते हुए कहां की 1947 में जब भारत आजाद हुआ तब वे भारत के पहले कानून और न्याय मंत्री बने।

उन्होंने दलित, वंचित और महिलाओं के लिए कई संवैधानिक अधिकार प्रदान किये। महिलाओं के लिए मातृत्व लाभ, समान काम समान वेतन, कामगारों के लिए सप्ताह में अधिकतम 48 घंटे का काम, न्यूनतम मजदूरी, सवेतनिक अवकाश जैसे अधिकार दिलाये। डॉ. अंबेडकर हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत सहित 9 भाषाओं के ज्ञाता थे।अर्थशास्त्र में पी. एच. डी. की डिग्री लेने वाले वे पहले भारतीय व्यक्ति थे।वे संविधान के निमार्ता ही नहीं बल्कि समाज सुधारक, अर्थशास्त्री एवं तर्कशास्त्र के ज्ञाता व्यक्ति थे। अतः आज हम सभी को उनके अचरणो का अनुसरण करना चाहिए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी भैया बहन , आचार्य एवं दीदी जी का सहयोग रहा।

सरस्वती विद्या मंदिर भूली के छात्रों ने किया आईआईटी आईएसएम का भ्रमण

भूली | माइनिंग के क्षेत्र में कॅरियर बनाने के उद्देश्य से सरस्वती विद्या मंदिर भूली के कक्षा दशम से द्वादश तक के छात्रों ने बुधवार को आईआईटी आईएसएम का भ्रमण किया। संस्थान के प्रिंसिपल इन्वेस्टिगेटर प्रो. आरएम भट्टाचार्या, टेक्निकल ऑफिसर डॉ सुनील कुमार एवं प्रोजेक्ट इन्वेस्टिगेटर प्रो. पार्थ सारथी पॉल ने छात्रों को संस्थान की माइन सर्वेइंग, ऑक्यूपेशनल हेल्थ, सेफ्टी एर्गोनॉमिक्स विभाग के लैब, म्यूजियम आदि विभागों, उसके उपकरणों एवं कार्यप्रणाली की जानकारी दी। छात्रों ने बताया कि आईआईटी का भ्रमण काफी रोचक एवं ज्ञानवर्धक रहा। वहां का म्यूजियम उन्हें काफी अच्छा लगा, जहां उन्होंने फॉसिल्स, विभिन्न प्रकार के रॉक्स, जेम रॉक्स तथा विभिन्न प्रकार के कोल को देखा। छात्रों के साथ विद्यालय के प्राचार्य शिव बालक प्रसाद सिंह, आचार्य संतोष गुप्ता, मनोज ठाकुर आदि थे।

राष्ट्र सर्वोपरि की भावना से हो पत्रकारिता : रामअवतार नरसरिया। प्रचार विभाग की प्रांतीय दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न

विद्या विकास समिति झारखंड प्रांत के द्वारा दिनांक 28 एवं 29 जून प्रांत की दो दिवसीय कार्यशाला गंगा प्रसाद बुधिया सरस्वती विद्या मंदिर, मोराबादी रांची में संपन्न हुई। इस कार्यशाला में पूरे झारखंड प्रांत से संकुल प्रचार प्रमुख एवं विभाग प्रचार प्रमुख अपेक्षित थे। जिसमें 40 संकुल से कुल 33 संकुल प्रचार प्रमुख एवं 8 विभागों से विभाग प्रचार प्रमुख उपस्थित हुए। उद्घाटन सत्र में माननीय क्षेत्रीय एवं प्रदेश मंत्री श्रीमान रामअवतार नरसरिया जी ने प्रचार विभाग के कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। क्षेत्र प्रचार प्रमुख श्रीमान अखिलेश कुमार जी ने कहा कि विद्या भारती के कार्यकर्ताओं के लिए विद्यालय समाचार की फैक्ट्री है हमें देखना ही नहीं सूंघने की भी आवश्यकता है। दिल्ली प्रांत के संगठन मंत्री जी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया कि आज के परिप्रेक्ष्य में विद्या भारती के कार्यकर्ताओं को मीडिया मैनेज नहीं करना है। हमें पत्रकारों एवं समाज के बीच डिजिटल मीडिया, प्रिंट मीडिया इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, टेक मीडिया एवं मैसेंजर के द्वारा अपने विमर्श को स्थापित करने की आवश्यकता है। प्रांत सोशल मीडिया प्रमुख अरविंद पांडे ने सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म ऊपर विद्या भारती झारखंड की जानकारी कार्यकर्ताओं को दी एवं अपने फॉलोअर्स की संख्या कैसे बड़े इस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। प्रांत संवाददाता एवं संपादक श्री मनोज भारद्वाज जी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कंटेंट राइटिंग के विषय में बताया। साथ ही उन्होंने यह कहा कि एक चित्र कई बातों को बता जाता है। आज हमारे विचारों के विरुद्ध में नैरेटिव सेट किया जा रहा है। आवश्यकता है कि हम अपने विमर्श को खड़ा करें। भारत 24 न्यूज चैनल झारखंड के प्रभारी श्री मनोज कुमार सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर किस प्रकार से कार्य किया जाए इस विषय की जानकारी दी। समापन सत्र में विद्या विकास समिति झारखंड के माननीय प्रदेश सचिव श्रीमान अजय कुमार तिवारी जी ने कहा कि संपर्क, संबंध और सहचार्य के द्वारा पत्रकारों से संबंध स्थापित हो। विद्या भारती के कार्यों को समाज तक पहुंचाने की जवाबदेही प्रचार विभाग का ही है।

सम्मान समारोह आयोजित कर विजयी प्रतिभागियों को प्रधानाचार्य ने किया सम्मानित

गिरिडीह। राष्ट्रीय मुख्यधारा

विद्या विकास समिति झारखंड द्वारा तिलैया में संपन्न 34 वाँ प्रांतीय कबड्डी एवं खो-खो खेल कूद समारोह में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,बरगंडा के भैया बहनों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दो पदक विद्यालय के खाते किया। समारोह में अंडर 14 बालक वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान और अंडर14 बालिका वर्ग कबड्डी में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। प्रधानाचार्य शिव कुमार चौधरी ने विजयी प्रतिभागियों को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। मौके पर प्रधानाचार्य ने कहा कि खेल प्रशिक्षक अनिता कुमारी एवं प्रसून सिंह के कुशल नेतृत्व और उचित मार्गदर्शन के साथ भैया बहनों के अथक प्रयास से यह संभव हो पाया है। कहा कि प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किये दल को आगामी क्षेत्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने फारबिसगंज बिहार प्रस्थान करेंगे। हमें पूर्ण विश्वास है कि हमारे भैया बहन क्षेत्र में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय के साथ-साथ प्रांतीय समिति का नाम रोशन करेंगे। मौके पर प्रबंध कारिणी समिति एवं विद्यालय परिवार ने विजयी प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की मंगलकामना की।

विद्या भारतीय के विद्यालय छात्रों में उत्कृष्ठ शिक्षा एवं सभ्यता के साथ संस्कार देने को संकल्पित है-ब्रह्मा जी राव

सिनीडीहः सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के मंत्री ब्रह्माजी राव का आगमन हुआ। विद्यालय मे आगमन पर उन्होने वंदना सभा में भैया -बहनों को संबोधित करते विद्या भारती के विद्यालय को अन्य विद्यालयों से भिन्न बताते इसमें आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति से युक्त शिक्षा देने का बात कहा। उन्होंने कहा कि विद्या भारती की शिक्षण पद्धति पंचपदी शिक्षण पद्धति पर आधारित है , जिससे विद्यार्थियों का पंचकोशीय जैसे अन्नमय कोश, प्राणमय कोश, विज्ञानमय कोश, मनोमय कोश एवं आनंदमय कोश स्वरूप विकाश होता है। बताया गया कि नैतिक एवं आध्यात्मिक शिक्षा से व्यक्ति का सर्वांगीण विकास होता है,यदि शुन्य कालांश में नियमित इसका प्रबोधन हो तो निश्चय ही हमारे भैया- बहनों का सर्वांगीण विकास होगा। श्री राव ने कहा कि विद्यालय सामाजिक चेतना का केंद्र है, और विद्या भारती की कल्पना है कि हम समाज को विद्यालय से जोड़ें ताकि अंधविश्वास, कुरीतियां आदि दूर होकर इसे एक नई गति मिल सके। उन्होने विद्यालय के माध्यम से एक बच्चों के सफल भविष्य और अच्छे नागरिक का निर्माण करने की बात कहते राष्ट्र को मजबूती के साथ विश्व के सामने में खड़ा होने का बात संकल्प बताया। नई शिक्षा नीति के संबंध में चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि हम अपने देश में केवल नौकरशाही को जन्म न दें अपितु उसके स्थान पर हम स्वयं मालिक बनने का प्रयास करें और इसके लिए कौशल विकास की धारणा को मूर्त रूप देते रहें ताकि नए-नए कौशल सीख कर व्यक्ति अपने राष्ट्र को मजबूती प्रदान कर सकें। भैया- बहनों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लक्ष्य विहीन जीवन पुष्प विहीन बगीचे की तरह होता है जहां न तो सुंदरता है और न ही आकर्षण। अतः आपको हमेशा अपने लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए निरंतर प्रयास करना चाहिए जिससे भारतवर्ष अपने पूर्ण स्वाभिमान के साथ खड़ा दिखाई दे। उन्होने भैया-बहनों को जीवन के छः शत्रु जैसे-क्रोध, लोभ, मोह, मत्सर, काम एवं आलस्य का स्मरण दिलाते कहा कि इसके परित्याग बगैर लक्ष्य प्राप्ति में हमेशा संदेह ही रहेगा। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह ने कहा कि क्योंकि गीता हमें कर्म योग की शिक्षा देती है अतः प्रतिदिन कम से कम 5 श्लोक का पाठ करना चाहिए जिससे लक्ष्य प्राप्ति में कोई बाधा न हो। इस क्रम में विद्या विकास समिति के अधिकारी राजेश कुमार जी समेत अन्य शिक्षक वृंद भी उपस्थित थे।

Acharya is the backbone of Vidya Bharti scheme, cluster level Acharya workshop concluded

DN ■ Bermo

A one-day workshop of all the Acharyas of Kasturba and Jaridih Sankul, Didi ji was organized on Thursday at the local school Anapati Devi Saraswati Shishu Vidya Mandir Phusro, in which about 150 Acharya brothers and sisters from 10 schools were present. Honorable Brahma Ji Rao, National Minister of Vidya Bharti All India Institute of Education as the chief guest and Manoj Kumar Agarwal, GM of Dhori area as special guest, Pratul Kumar, SOP of CCL Dhori, attended. This workshop was organized in four sessions, the workshop started with lighting the lamp and offering flowers in the Vandana Sabha, in the first session the Principal Pankaj Kumar Mishra from the local school honored the guests by giving Angavastram flower bunches by the school family. | In the first session, National Minister Brahm Ji Rao said that Acharya is the backbone of Vidya Bharti scheme, Acharya should receive training from time to time. Vidya Bharti Vidyalaya runs for the work of national clean and new consciousness.

स.वि. मंदिर, राजमहल में खसरा तथा रूबेला का टीकाकरण किया गया।

गुमला के छात्रों ने दो स्वर्ण समेत तीन पदक जीते

गुमला, प्रतिनिधि। झुमरी तिलैया में आयोजित 34वां प्रांतीय खो -खो, कबड्डी प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर गुमला के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल तीन पदक प्राप्त किए। जिसमें दो स्वर्ण और एक रजत पदक शामिल है। यह प्रतियोगिता दिनांक 17 से 19 जून तक झुमरी तलैया में आयोजित थी।

जिसमें राज्य के सभी सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय की टीम प्रतिभागी के रूप में शामिल हुए। गुमला से खो खो प्रतियोगिता के लिए चार टीमें जिसमें 24 छात्र तथा 24 छात्राएं शामिल हुए। तरुण व बाल वर्ग के छात्र को स्वर्ण पदक व किशोर वर्ग की बहनों को रजत पदक प्राप्त हुआ।

झुमरी तिलैया में सोमवार को आयोजित प्रतियोगिता में उत्कृष्ट करने वाले गुमला छात्र-छात्राएं। • हिन्दुस्तान

लातेहार सरस्वती विद्या मंदिर में हवन पूजन के साथ नए सत्र का शुभारंभ

नवीन मेल संवाददाता। लातेहार

जिला मुख्यालय स्थित सरस्वती विद्या मंदिर , लातेहार में मंगलवार को सुंदरकांड पाठ व हवन - पूजन के साथ नए सत्र 2023 - 24 की शुरूआत की गई। सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन मुख्य पुजारी संदीप शास्त्री के द्वारा कराया गया उनके साथ जयराम यादव , उमेश यादव ,रविशंकर यादव भी उपस्थित थे। हवन पूजन विद्यालय के पुरोहित राधेश्याम मिश्रा के द्वारा कराया गया मौके पर प्रधानाचार्य ने उपस्थित समस्त अभिभावक , आचार्य बंधु भगिनी एवं भैया / बहनों का हार्दिक स्वागत किया और कहा कि विद्या भारती के निदेशानुसार नए सत्र का शुभारंभ हवन यज्ञ से किया जाता है । इसी के निमित्त आज हवन यज्ञ व सुंदरकांड पाठ बड़ी श्रद्धा व भक्ति के साथ किया गया । उन्होंने हवन यज्ञ के महत्व को विस्तार से बताया और कहा कि हवन यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है। देवी देवता प्रसन्न होते हैं। अंत में उपस्थित अभिभावक, आचार्य बंधु भगिनी ,भैया /बहनों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया इस हवन में भारी संख्या में अभिभावक एवं भैया /बहन उपस्थित थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के निम्नांकित आचार्य/ दीदीजी की गरिमामई उपस्थिति रही। इसमें लालबहादुर राम, शशिकांत पांडे, विजय पाठक, ओंकार नाथ सहाय, राधे श्याम मिश्र, विजेंद्र शर्मा, ममता देवी, सुरेश ठाकुर, नीलम, अभिनय कुंभकार, रेणु गुप्ता, गीता कुमारी , गोपाल प्रसाद आदि मौजूद थे।

क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में तीन स्वर्ण पदक का विजेता - विद्या मंदिर, कुम्हारटोली

हज़ारीबाग । विद्या भारती द्वारा आयोजित 34 वां क्षेत्रीय खेलकूद खो - खो एवं कबड्डी प्रतियोगिता 1 एवं 2 जुलाई को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ,फारबिसगंज, जिला अररिया ,बिहार में संपन्न हुआ। गौरतलब है कि उक्त प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली, हजारीबाग की बहनों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखाते हुए जीत का परचम लहराया।

प्रतियोगिता के किशोर वर्ग के बहन खंड के खो- खो इवेंट में प्रथम पुरस्कार (स्वर्ण पदक) एवं तरुण वर्ग बहन खंड के खो - खो इवेंट में प्रथम पुरस्कार (स्वर्ण पदक) तथा तरुण वर्ग के बहन खंड के कबड्डी इवेंट में प्रथम स्थान(स्वर्ण पदक) प्राप्त कर विद्यालय की बहनों ने विद्यालय को गौरवान्वित किया। विद्यालय में विजेता बहनों का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन हुआ। घोष वादन के साथ पुष्प वर्षा कर बहनों का स्वागत हुआ। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य दिनेश कुमार मिश्र ने बहनों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा आप- सभी अखिल भारतीय प्रतियोगिता में भी जीत का परचम लहराएंगे ऐसा विश्वास है।

आप सभी पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ अभ्यास करें। आपको निरंतर सफलता मिलती रहेगी। गौरतलब है कि विद्यालय के भैया -बहनों द्वारा प्रांतीय प्रतियोगिता के खो -खो एवं कबड्डी इवेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष श्रद्धानंद सिंह, उपाध्यक्ष प्रोफेसर अरुण कुमार मिश्रा, सचिव संजय उपाध्याय एवं कोषाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने सभी विजेता भैया- बहनों को शुभकामनाएं प्रेषित कर हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

स.शि.वि. मंदिर, तियोडीह, गोड्डा में 14.04.23 को अम्बेडकर जयंती मनाया गया।

विद्या समाचार पत्रिका

विद्या भारती, झारखंड के गतिविधियों को प्रदर्शित करने वाला त्रैमासिक पत्र

पर्यावरण उत्सव के तहत हुई चित्रकला प्रतियोगिता

भूली | धनबाद नगर निगम के पर्यावरण उत्सव के तहत गुरुवार को भूली के सरस्वती विद्या मंदिर में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा 7 से 12 तक के विद्यार्थी उत्साह के साथ शामिल हुए। प्रतियोगिता के विषय थे - हमारे आसपास वायु प्रदूषण की वजह, इसे हम कैसे कम कर सकते हैं, वायु प्रदूषण से हमारे परिवार और हमारी पृथ्वी को नुकसान। आयोजन में निगम की ओर से विशेषज्ञ

प्रतीक और स्कूल से कला शिक्षिका अनुराधा कुमारी ने अहम रोल निभाया।

सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह के छात्र-छात्रा का जेईई मेंस में चयन

जागता झारखंड बाघमारा : मधुबन थाना क्षेत्र 2023 के लिए आयोजित जेईई मेंस परीक्षा में सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह के चार छात्र छात्राओं का चयन हुआ। आज दिनांक 04 मई 2023 को वंदना सभा में विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह ने इसकी सूचना समस्त भैया- बहनों को देते हुए कहा कि प्रचंड एवं प्रखंड पुरुषार्थ से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। यदि दृढ़ निश्चय एवं सकारात्मक भाव के साथ आप कोई भी काम करेंगे तो निश्चित ही आपको सफलता मिलेगी। उन्होंने अपने विद्यालय के जेईई मेंस में चयनित भैया आयुष रंजन, भैया अनीश गुप्ता, भैया ओम कुमार एवं बहन सिमरन कुमारी का उदाहरण देते हुए उपरोक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रतियोगिता परीक्षा में बैठने के पूर्व आपको यह तय करना होगा कि आप संबंधित परीक्षा के लिए कितने तैयार हैं। उन्होंने विद्यालय के दो भैया - बहन ऐशिक चंद्र एवं अर्श वत्स का भी उदाहरण दिया कि किस तरह उन्होंने पूर्ण संकल्प शक्ति के साथ तैयारी की और इसरो में चयनित होकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इस अवसर पर चारों छात्र - छात्राओं को विद्यालय के उप प्राचार्य दुर्गेश नंदन सिन्हा, विद्यालय के विज्ञान प्रमुख अरविंद कुमार, डॉक्टर तापस कुमार घोष राजेश कुमार मानिक सेन अशोक कुमार सिंह कमलेंदु नारायण चंद्र मदन मोहन राय नवल किशोर झा प्रियंका बागची धर्मेंद्र तिवारी निशा तिवारी एवं सभी आचार्यों ने बधाई दी।

बच्चे कोरी स्लेट, जो लिखा जाए वह हो जाता है अमिट

कदमा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रशासनिक कार्यालय का शुभारंभ

जमशेदपुर, 17 अप्रैल (रिपोर्टर) : कदमा शास्त्रीनगर स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में प्रशासनिक (कार्यालय) भवन का उद्घाटन राज्यसभा सांसद राकेश सिन्हा ने किया. भवन का निर्माण सांसद निधि से हुआ ह. इस अवसर पर अभय कुमार सामंत, वी नटराजन, श्याम किशोर प्रसाद सिन्हा, अरुण सिंह तथा प्रबंध समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे. अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय शंकर सिंह ने कराया. सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की प्रारंभ से अबतक की विकास गाथा का वृत्त सचिव ने प्रस्तुत किया.

मुख्य अतिथि सांसद राकेश सिन्हा ने कहा कि बच्चे कोरी स्लेट की तरह होते हैं, उस पर जो लिख दिया जाए वह अमिट हो जाता है. अभिभावक एवं शिक्षक की भूमिका अहम होती है. माता पिता बच्चों को जन्म देते हैं लेकिन शिक्षक उस बालक को अच्छी शिक्षा एवं अच्छा संस्कार देकर देश का एक अच्छे नागरिक के रूप में निर्माण करता है. विद्यालय के अध्यक्ष ने आगत अतिथियों का धन्यवाद दिया. कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की श्वेता मेहता ने किया. इसके बाद राज्यसभा सांसद ने विद्यालय में स्थापित शिशु वाटिका, साइंस लैब एवं अटल टिंकरिंग लैब एवं कंप्यूटर लैब का निरीक्षण किया.

सरस्वती शिशु मंदिर के प्रांगन में बच्चों ने किया योग

साहिबगंज : अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर के प्रांगन मे योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य उदय चौरसिया ने कहा की हमारे पास अपने शरीर को स्वस्थ रखने का ही समय नहीं है परंतु जो ऐसा माध्यम है जिसके जरिए हम न केवल अपने शरीर को स्वस्थ रख सकते हैं बल्कि मानसिक रूप से भी स्वस्थ रह सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत में आदि काल से ही ऋषि-मुनियों द्वारा योगाभ्यास किया जाता रहा है फल स्वरूप वह हमेशा स्वस्थ रहे हैं एवं निरोग रहे ।

बालिकाओं को बेहतर शिक्षा के साथ ही सांस्कारिक ज्ञान होना भी जरूरी: सूर्यबाला

जपला शिशु विद्या मंदिर में बालिका शिक्षा पर आचार्या बहनों की शिविर का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

हुसैनाबाद। स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जपला में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपरांत रविवार को संकुल स्तरीय एक दिवसीय बालिका शिक्षा पर आचार्या बहनों का शिविर आयोजित किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि हुसैनाबाद महिला थाना प्रभारी सूर्यबाला भृंगराज, सुप्रिया जैन, सोनाली विश्वकर्मा एवम बिद्यालय के प्रधानाचार्य कृष्णकांत दुबे द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। महिला थाना प्रभारी सूर्यबाला भृंगराज ने कहा कि बालिका शिक्षा आवश्यक है, लेकिन इसके साथ यह भी आवश्यक है कि बच्चियों में प्रारंभ से ही वे सारी शिक्षाएं दी जाए जो परिवार और समाज के लिए आवश्यक होती है।उन्होंने कहा कि नारी जब शिक्षित हो जाएगी वह अपना कर्तब्य स्वयं जान जाएगी।उन्होंने कहा कि महिलाएं परिवार की धुरी होती है।इसलिए परिवार को बचाने के लिए बच्चियों की शिक्षा को बढ़ाना अनिवार्य है।मौके पर बिद्यालय के प्रधानाचार्य श्री दुबे ने कहा कि देश और समाज के सर्वांगीण बिकास के लिए बालिका शिक्षा के भारतीय मॉडल की आवश्यकता है। बिद्या भारती इस लक्ष्य को सामने रखकर कर एक योजना चला रही है। इसके लिए आवश्यक प्रशिक्षण पर कार्य शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि शिक्षित होने का यह कतई मतलब नही है कि महिलाएं भोजन बनाना छोड़ दें,बच्चों का लालन-पालन नही करें। पश्चिम से उधार लिए गए शैक्षणिक मॉडल के भयावह परिणाम परिवारों के होने एवम संस्कारो के क्षरण के रूप में हमारे सामने है। इसलिए बालिकाओं के लिए बेहतर शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक व सांस्कारिक ज्ञान भी महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव राकेश तिवारी, कोषाध्यक्ष सतीश सिंह, सदस्य सत्येन्द्र चंदेल, प्रभारी प्रधानाचार्य अखिलेश विश्वकर्मा, हरिहरगंज के प्रधानाचार्य विजयेन्द्र प्रसाद, बिलासपुर प्रधानाचार्य जयंत जी प्रमुख रुप से उपस्थित थे।

संकुल स्तरीय सेवक, सेविका व चालक का कार्यशाला कल

संवाद सूत्र, अरगडा (रामगढ़) : सरस्वती विद्या मंदिर सिरका में 30 अप्रैल को संकुल स्तरीय सेवक, सेविका व चालकों का कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इस कार्यशाला में रामगढ़ संकुल के सभी आठ विद्यालयों से 100 प्रतिभागी भाग लेंगे।

इस कार्यशाला में विद्या विकास समिति झारखंड के प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी मौजूद रहेंगे। एसवीएम सिरका के प्राचार्य कुमार विमलेश ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम पहली बार आयोजित की जा रहा है। जिसमें रामगढ़, लारी, पतरातू, कुन्दरिया बस्ती आदि आठ स्थानों से आठ विद्यालय के सेवक, सेविका व चालकों के साथ विचार-विमर्श किया जाएगा।

सूर्य नमस्कार, आसन व प्राणायाम का सामूहिक प्रदर्शन

लोहरदगा. शहर के शारदा नगर स्थित मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया. विद्यार्थियों शिक्षकों और कर्मियों ने योग आसन और प्राणायाम का सामूहिक प्रदर्शन किया. कार्यक्रम की शुरुआत आचार्या रश्मि साहू ने भारत माता और महर्षि पतंजलि के चित्र पर पुष्पार्चन और दीप प्रज्वलित कर किया. खेलकूद एवं शारीरिक विभाग की प्रमुख यशोदा कुमारी और सह प्रमुख प्रीति कुमारी गुप्ता की अगुवाई

योगाभ्यास करते विद्यार्थी.

में योग कराते हुए बताया गया कि योग को हमें अपने दिनचर्या में शामिल करना चाहिए. क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है. योग मंत्र के तत्पश्चात शरीर संचालन, प्राणायाम, कपालभाति, अनुलोम विलोम, भ्रामरी, योग, आसन मंडूकासन, उष्ट्रासन, पश्चिमोत्तानासन और सूर्य नमस्कार सामूहिक रूप से किया गया. राजनीति विज्ञान की आचार्या कविता कुमारी के द्वारा गीत प्रस्तुत किया गया. कार्यक्रम में 11वीं 12वीं कला और विज्ञान के भैया बहन सम्मिलित थे. कार्यक्रम को सफल बनाने में नीतू कुमारी, स्नेहा शर्मा, ऋद्धि मिश्रा, रेणु कुमारी, चेतना प्रिया, आरती भगत सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं व कर्मियों का प्रमुख योगदान रहा.

गोल्ड मेडल लेकर लौटी विद्या मंदिर की टीम का स्वागत

मेडल लेकर लौटी टीम स्कूल में हुआ स्वागत • जागरण

संवाद सूत्र, गुमला : विद्या विकास समिति द्वारा फारबिसगंज में संपन्न क्षेत्रीय खो-खो प्रतियोगिता मे गुमला सरस्वती विद्या मंदिर के तरुण वर्ग की टीम ने गोल्ड मेडल हासिल कर खेल नगरी का नाम को रौशन किया है। ज्ञात हो कि विद्या विकास समिति द्वारा विभिन्न स्तर पर हो रहे प्रतियोगिता में गुमला सरस्वती विद्या मंदिर की टीम बेहतर प्रदर्शन करते हुए लगातार आगे बढ़ रहा है। फारबिसगंज में आयोजित खोखो प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गुमला विद्या मंदिर की तरुण और बाल वर्ग की टीम भाग लिया था जिसमें तरुण वर्ग की टीम को गोल्ड व बाल वर्ग की टीम को ब्रांउच मेडल हासिल की। मेडल लेकर विद्यालय लौटने पर सोमवार को स्कूली बच्चे व प्रबंधन समिति ने खेल शिक्षक और खिलाड़ियों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। समिति के अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह, सचिव अमृत मेटे, सह सचिव प्रभात कुमार दास, प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा ने बधाई दी।

बीडीएसएल सरस्वती विद्या मंदिर,मुसाबनी में संस्कृत भाषा को जन मानस में प्रचलित एवं प्रचारित करने के दृष्टिकोण से प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के सचिव श्री बाबुलाल सिंह जी ने कहा कि आज के परिवेश में यह समझने की आवश्यकता है कि क्या ग्रहण करना है और किसका परित्याग करना है। प्रधानाचार्या रूमी सरकर ने देव वाणी संस्कृत की उपेक्षा एवं इसके प्रति उदासीनता पर चिंता प्रकट किया।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस - 2023

सहभागी विद्यालय की संख्या	:	214
योगाभ्यास करने वाले भैया-बहन	:	98,171
योगाभ्यास करने वाले आचार्य-दीदीजी	:	3,799
योगाभ्यास करने वाले वर्तमान एवं पूर्व समिति सदस्य	:	2,544
योगाभ्यास करने वाले अभिभावक	:	27,610
योगाभ्यास करने वाले पूर्व छात्र	:	4,884
योगाभ्यास करने वाले पूर्व अभिभावक	:	4,290
योगाभ्यास करने वाले समाज के बंधु-भगिनी	:	20,821
प्रदेश कार्यालय में	:	20
कुल योग	:	1,62,139

संपन्न प्रांतीय कार्यक्रम

संपन्न कार्यक्रम	स्थान	अवधि	उपस्थित प्रतिभागी
प्रांतीय विषय प्रमुख तथा विषय सह प्रमुख बैठक	कुंडा, देवघर	15 अप्रैल, 2023	89
प्रांतीय संकुल प्रमुख एवं संकुल संयोजक बैठक	कुंडा, देवघर	16 अप्रैल, 2023	68
प्रांतीय शारीरिक एवं खेलकूद आचार्य प्रशिक्षण वर्ग	कुदलुम, राँची	24 से 29 अप्रैल, 2023	
नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग	कुदलुम, राँची	19 से 07 जून, 2023	331
स्थायित्व आचार्य प्रशिक्षण वर्ग	कुदलुम, राँची	19 से 07 जून, 2023	67
कार्यालय सहायक/प्रमुख प्रशिक्षण वर्ग	कुदलुम, राँची	19 से 28 मई, 2023	12
प्रधानाचार्य प्रशिक्षण वर्ग	कुदलुम, राँची	29 से 07 जून, 2023	20
प्रांतीय कबड्डी एवं खो-खो प्रतियोगिता (बाल, किशोर तरुण)	झुमरीतिलैया	29 से 07 जून, 2023	663
	भैया-380, बहन-283, कुल 663		

संरक्षक: रामअवतार नारसरिया, ख्यालीराम जी, अजय कुमार तिवारी । **परामर्शी :** अखिलेश कुमार।
संपादक : मनोज कुमार। **प्रकाशक :** विद्या विकास समिति, झारखंड, शुक्ला कॉलोनी, हिनू, राँची-834002

: 0651-3512271, 2251008 : vvs.jharkhand@yahoo.com, vvspv.jharkhand@yahoo.com : vvsjharkhand.org.in

आंतरिक प्रसारण हेतु